कैडेट्स ने दी सलामी

सैनिक स्कूल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री का स्वागत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रीवा. सैनिक स्कूल में सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आगमन हुआ। वहां विद्यालय की तरफ से दोनों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम गर्ल कैडेट वैभवी त्रिपाठी ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात कैडेट्स द्वारा दोनों अथितियों को सलामी दी गई। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने स्वागत किया। इस मौके पर मैडम नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार, ले. कर्नल एपीएस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी सहित शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल में राज्यपाल व मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत

रीवा। सैनिक स्कूल 24 अप्रैल को राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आगमन प्रातः 10:30 बजे विद्यालय के हेलीपैड पर हुआ। आगमन पर सर्वप्रथम गर्ल कैडेट वैभवी त्रिपाठी ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया तत्पश्चात कैडेट्स द्वारा दोनों को सलामी दी गयी। तदुपरांत कर्नल अविनाश रावल ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर मैडम नेहा रावल सैनिक स्कूल रीवा की प्रथम महिला, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य, ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल में अन्तर्सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

रीवा। विंध्य की शान व देश के सर्वोपरि विद्यालयों में एक सैनिक स्कूल की अन्तर्सदनीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 2023-24 का समापन 22 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। विदित हो कि प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर स्तर पर गत 17 अप्रैल से किया जा रहा था, जिसमें कुल 44 मैच खेले गए व स्कूल के लगभग सभी कैडेट्स ने भाग लिया। यह सैनिक स्कूल रीवा के इतिहास का प्रथम अवसर था जब गर्ल्स कैडेट्स ने भी वॉलीबाल प्रतियोगिता में अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (गर्ल्स कैडेट केटेगरी)- कैडेट वन्दना सुमन , जूनियर चम्बल सदन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (जूनियर केटेगरी)- कैडेट अमन धाकड़, जूनियर बेतवा सदन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (सीनियर केटेगरी)- कैडेट रोहित कुमार सीनियर विन्ध्या सदन रहे। सदन परिणाम में विजेता सतपुड़ा सदन, उपविजेता विन्ध्या सदन रहा। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि कर्नल अविनाश रावल ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी व सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मैडम नेहा रावल सैनिक स्कूल की प्रथम महिला, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, ले कर्नल ए पीएस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल में आयोजन

विंध्या सदन को हराकर सतपुरा बना विजेता

पत्रिका plus रिपोर्टर

रीवा. सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका समापन कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सतपुरा सदन ने विंध्या सदन को पराजित किया।

प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर स्तर पर किया गया। इसमें कुल 44 मैच खेले गए व स्कूल के लगभग सभी कैडेट्स ने भाग लिया। यह सैनिक स्कूल रीवा के इतिहास का प्रथम अवसर था जब गर्ल्स कैडेट्स ने भी वाली प्रतियोगिता में अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गर्ल्स कैडेट केटेगरी में कैडेट वन्दना सुमन, जूनियर कैटेगरी में कैडेट अमन धाकड़ एवं सीनियर कैटेगरी में कैडेट रोहित कुमार थे। इस अवसर पर मैडम नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार, ले. कर्नल एपीएस भुल्लर सहित शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल में राज्यपाल व मुख्यमंत्री का आगमन

स्टार समाचार | रीवा

सैनिक स्कूल में सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आगमन प्रातः 10:30 बजे हेलीपैड पर हुआ। आगमन मर सर्वप्रथम गर्ल कैडेट वैभवी त्रिपाठी ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात कैडेट्स द्वारा दोनों को सलामी दी गयी। तदुपरांत कर्नल अविनाश रावल ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर नेहा रावल, त्रिलोक कुमार, एपी एस भुल्लर, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।